उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्याः 07/02/नियुक्ति अधिव0/विधि अनु0/2025–26 दिनांक : 18 फरवरी, 2026

विस्तृत विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग से सम्बन्धित विभिन्न वादों की प्रभावी पैरवी, पर्यवेक्षण एवं निस्तारण हेतु आयोग द्वारा अधिवक्तागण के नवीन पैनल का गठन किया जाना है। नवीन पैनल में अधिवक्ताओं को नामित किये जाने हेतु मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल, उत्तराखण्ड में अधिवक्ता के रूप में कार्य कर रहे अनुभवी अधिवक्ताओं से निर्धारित संलग्न प्रारुप **(Bio Data Format)** पर उनके बायोडाटा आमंत्रित किये जाते है।

उक्त के सम्बन्ध में आवेदन हेतु इच्छुक अधिवक्तागण को निम्नलिखित न्यूनतम अर्हताएं धारित करना आवश्यक होगाः–

1. इच्छुक अधिवक्तागण का मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली/मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल, उत्तराखण्ड में सेवा सम्बन्धी मामलों में पैरवी का न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है जिसमें न्यूनतम 07 वर्ष का अनुभव मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल, उत्तराखण्ड में होना अनिवार्य है।
2. वर्तमान में भी अधिवक्तागण सेवा सम्बन्धी मामलों में माननीय उच्च न्यायालय, नैनीताल, उत्तराखण्ड में प्रैक्टिस कर रहें हो।
3. अधिवक्तागण के विरूद्ध मा0 उच्चतम/उच्च न्यायालय द्वारा कोई प्रतिकूल आदेश पारित न किया गया हो तथा वर्तमान में अवमानना की कोई कार्यवाही प्रचलित न हो।
4. अधिवक्तागण के विरूद्ध बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया अथवा मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल, उत्तराखण्ड में बार काउन्सिल द्वारा प्रैक्टिस करने के सम्बन्ध में कोई प्रतिकूल आदेश पारित नहीं किया गया हो।
5. ऐसे अधिवक्तागण जो हल्द्वानी/नैनीताल में निवास कर रहे हों, को वरीयता दी जायेगी।
6. वर्तमान में अधिवक्तागण हेतु वादों की पैरवी के लिए भुगतान की दरें निम्नवत् निर्धारित हैं–

क्र.स.	मद संख्या	अनुमोदित दरें
01	प्रतिशपथ–पत्र (Counter Affidavit)/अनूपूरक प्रतिशपथ–पत्र (Supplementary Affidavit) तैयार करना	रूपये 4400.00
02	विविध व्यय (कोर्ट फीस, टाईप, फोटो स्टेट प्रोसेसिंग) (केवल एक बार)	रूपये 4400.00
03	क्लर्क/मुंशी शुल्क (केवल एक बार)	रूपये 2200.00
04	वकालतनामा	रूपये 220.00
05	निर्णय/अन्तरिम आदेश की प्रति	रूपये 330.00
06	पैरवी प्रति कार्य दिवस	रूपये 4000.00

रिट याचिका अथवा विशेष अपील दायर करने हेतु भुगतान की अनुमोदित दरें:–

क्र.स.	मद संख्या	अनुमोदित दरें
1.	ड्राफ्टिंग एण्ड फाईलिंग ऑफ रिट पिटीसन / स्पेशल अपील	रूपये 7700.00
2.	विविध व्यय (कोर्ट फीस, टाईप, फोटो स्टेट प्रोसेसिंग) (केवल एक बार)	रूपये 4400.00
3.	क्लर्क / मुंशी शुल्क (केवल एक बार)	रूपये 2200.00
4.	पैरवी प्रति कार्य दिवस	रूपये 4000.00
5.	निर्णय / अन्तरिम आदेश की प्रति	रूपये 330.00

उपरोक्त के क्रम में इच्छुक अधिवक्तागण अपना बायोडाटा निर्धारित संलग्न प्रारूप में अपने समस्त शैक्षिक एवं अनुभव सम्बन्धी अभिलेखों की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करते हुए पूर्ण विवरण सहित **दिनांक 12 मार्च, 2026 (सायं 06:00 बजे तक)** आयोग कार्यालय को डाक अथवा ईमेल–**sovidhi@gmail.com** के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

-Sd/-
(अशोक कुमार पाण्डेय)
सचिव।